1. 2024 – 25 की अवधि के दौरान, जैविक उत्पादन के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीओपी) के तहत सबसे बड़े प्रमाणित कृषि क्षेत्र के लिए भारत के किस राज्य ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया ?

(a) सिक्किम

(b) छत्तीसगढ़

(c) राजस्थान

(d) मध्य प्रदेश

2. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची I (1857 का विद्रोह) | | सूची II (नेतृत्व) |
|---|---|---|---|
| A. | झाँसी | i. | रानी लक्ष्मीबाई |
| B. | कानपुर | ii. | नाना साहेब |
| C. | लखनऊ | iii. | खान बहादुर खाँ |
| D. | रोहिलखण्ड | iv. | बेगम हज़रत महल |

कूट :

(a) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(b) A-ii, B-iii, C-iv, D-i

(c) A-i, B-iv, C-iii, D-ii

(d) A-i, B-ii, C-iv, D-iii

3. एक उत्तल लेंस को एक ऐसे द्रव में डुबोया जाता है जिसका अपवर्तनांक लेंस के अपवर्तनांक के बराबर है। तो लेंस की फोकस दूरी :

(a) कम होगी परन्तु शून्य नहीं होगी

(b) अपरिवर्तित रहेगी

(c) शून्य हो जाएगी

(d) अनन्त हो जाएगी

4. A और B की आय का अनुपात 5 : 3 है और उनके खर्चों का अनुपात 9 : 5 है। यदि वे क्रमश: ₹ 2,600 और ₹ 1,800 की बचत करते हैं, तो उनकी आय हैं :

(a) ₹ 8,000, ₹ 4,800

(b) ₹ 6,000, ₹ 3,600

(c) ₹ 10,000, ₹ 6,000

(d) ₹ 9,000, ₹ 5,400

5. भारत के चुनाव आयोग के सम्बंध में निम्नांकित में से कौन-से कथन सही हैं ?

I. भारत का चुनाव आयोग मतदाता सूची के पर्यवेक्षण हेतु उत्तरदायी है।

II. चुनाव आयोग भारत की संसद के चुनाव करवाने हेतु उत्तरदायी है।

15407022

III. स्थानीय निकायों के चुनाव हेतु चुनाव आयोग उत्तरदायी है।

IV. चुनाव आयोग एक बहुसदस्यीय संस्था है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) I, II, III और IV

(b) केवल I, II, IV

(c) केवल II, III, IV

(d) केवल I, II, III

6. नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :** कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) की स्थापना जुलाई, 2004 में की गई थी।

**कारण (R) :** केजीबीवी को मुख्य रूप से एस.सी., एस.टी.,

ओ.बी.सी. और अल्पसंख्यक समुदायों से सम्बंधित लड़कियों के लिए उच्च प्राथमिक स्तर पर आवासीय विद्यालयों की स्थापना के लिए लाँच किया गया था।

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है।

7. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म (अधिनियम/नीति – वर्ष) सुमेलित *नहीं* है ?

(a) वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम – 1981

(b) जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम – 1974

(c) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम – 1986

(d) राष्ट्रीय जल नीति – 2001

8. नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :** भारत में मौलिक अधिकारों ने एक अलग समानता को निर्मित किया है जो परम्परागत भारतीय समाज में अनुपस्थित थी। (ग्रेनविल ऑस्टिन)

**कारण (R) :** व्यक्तिगत स्वतंत्रता और समानता एक जीवंत लोकतंत्र के अनिवार्य लक्षण हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।

(b) अभिकथन (A) ग़लत है, परंतु कारण (R) सही है।

(c) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(d) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

9. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची I (हिमनद) | | सूची II (अवस्थिति) |
|---|---|---|---|
| A. | सियाचिन | i. | नुब्रा घाटी |
| B. | बारा शिगरी | ii. | चन्द्रा घाटी |
| C. | बटुरा | iii. | हुंज़ा घाटी |
| D. | मिलम | iv. | गोरी गंगा |

कूट :

(a) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

(b) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

(c) A-i, B-ii, C-iv, D-iii

(d) A-i, B-ii, C-iii, D-iv



10. 'विशाल स्नानागार' का साक्ष्य किस स्थान से प्राप्त हुआ है ?

(a) लोथल

(b) कालीबंगा

(c) मोहनजोदड़ो

(d) रोपड़

11. पीएम. स्वनिधि योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(a) किफायती आवास सुविधा प्रदान करना

(b) शहरों में महिलाओं को सशक्त बनाना

(c) शहरी-गरीबों के लिए कौशल विकास

(d) शहरी रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर्स) को समर्थन देना

12. अप्रैल 2025 में एफसी गोवा बनाम मोहन बागान सुपर जायंट मैच ऐतिहासिक था क्योंकि यह 'वीडियो असिस्टेंट रेफरी (VAR)' प्रणाली को लागू करने वाला पहला आधिकारिक भारतीय फुटबॉल मैच था। यह मैच किस प्रतियोगिता के तहत खेला गया था ?

(a) इंडियन फुटबॉल एसोसिएशन शील्ड

(b) डूरंड कप

(c) सुपर कप

(d) कलिंगा सुपर कप

13. निम्नलिखित में से किसने "स्वराज पार्टी" की स्थापना की थी ?

(a) राजेन्द्र प्रसाद और सी.आर. दास

(b) सरदार पटेल और राजेन्द्र प्रसाद

(c) मोतीलाल नेहरू और राजेन्द्र प्रसाद

(d) मोतीलाल नेहरू और सी.आर. दास

14. 11 अगस्त, 2025 को पारित किस कानून का उद्देश्य भारत में खेल प्रशासन को सुधारने का है ?

(a) राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025

(b) एथलीट कल्याण अधिनियम

(c) भारतीय खेल नैतिकता अधिनियम

(d) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2025

15. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची I (अधिनियम) | सूची II (लक्षण) |
| --- | --- |
| A. भारतीय परिषद् अधिनियम, 1861 | i. केन्द्र में द्विसदनात्मक व्यवस्था |
| B. भारतीय परिषद् अधिनियम, 1892 | ii. चुनावों में सांप्रदायिक व्यवस्था |
| C. भारतीय परिषद अधिनियम, 1909 | iii. विधायी हस्तांतरण की व्यवस्था |
| D. भारतीय परिषद अधिनियम, 1919 | iv. प्रतिनिध्यात्मक संस्थाएँ |

कूट :

(a) A-iii, B-iv, C-i, D-ii

(b) A-iii, B-ii, C-iv, D-i

(c) A-ii, B-iii, C-i, D-iv

(d) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

16. आम की संकर प्रजाति "रत्ना" किसका संकरण है ?

(a) अलफांसो × वाराणसी लंगड़ा

(b) चौसा × नीलम

(c) नीलम × दशहरी

(d) नीलम × अलफांसो

17. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक युग्म सही सुमेलित **नहीं** है ?

(a) विटामिन-सी – एस्कॉर्बिक एसिड

(b) विटामिन-डी – कैल्सीफेरॉल

(c) विटामिन-ए – रेटिनॉल

(d) विटामिन-ई – कैल्सीफेरॉल

18. रोहित व मोहित एक दूसरे की ओर 9:00 बजे पूर्वाह्न क्रमशः 3 किमी प्रति घंटे व 4 किमी प्रति घंटे की गति से चलना प्रारम्भ करते हैं। वे प्रारम्भ में 17·5 किमी की दूरी पर थे। वे किस समय मिलेंगे ?

(a) 11:55 पूर्वाह्न

(b) 11:50 पूर्वाह्न

(c) 11:30 पूर्वाह्न

(d) 12:10 अपराह्न

19. निम्नलिखित में से कौन-सी पहल, जो कि 2021 में शुरू की गई थी, नदी-शहर स्थिरता पर केन्द्रित है ?

(a) रिवर सिटीज एलायंस

(b) ए.एम.आर.यू.टी. (अमृत)

(c) स्मार्ट सिटीज मिशन

(d) ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम

20. आधार त्रिज्या 6 सेमी और ऊँचाई 8 सेमी वाले शंकु के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. इसका आयतन 96 $\pi$ सेमी$^3$ है।

II. इसका वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 60 $\pi$ सेमी$^2$ है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) I और II दोनों

(b) केवल I

(c) केवल II

(d) न तो I, न ही II

547022

21. नीचे दिए गए विकल्पों पर विचार कीजिए एवं समुद्री जल की लवणता के बढ़ते क्रम का सही विकल्प चुनिए :

(a) मृत सागर – कैस्पियन सागर – बाल्टिक सागर

(b) कैस्पियन सागर – बाल्टिक सागर – मृत सागर

(c) बाल्टिक सागर – कैस्पियन सागर – मृत सागर

(d) बाल्टिक सागर – मृत सागर – कैस्पियन सागर

22. निम्नलिखित में से किस ग्रन्थ में यूनानी राजा मेनाण्डर और बौद्ध भिक्षु नागसेन के बीच दार्शनिक वार्तालाप का उल्लेख मिलता है ?

(a) मुद्राराक्षस

(b) मिलिन्द-पन्हो

(c) विनय पिटक

(d) अर्थशास्त्र

23. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित *नहीं* है ?

(a) फियोर्ड डेल्टा – साओ फ्रांसिस्को नदी

(b) धनुषाकार डेल्टा – मेकांग नदी

(c) बर्ड्स फुट (पक्षी पंजाकार) डेल्टा – मिसिसिप्पी नदी

(d) ज्वारनदमुखी डेल्टा – नर्मदा नदी

24. उत्तर प्रदेश के किस शहर को राष्ट्रीय स्वच्छ शहर (जनसंख्या : मिलियन प्लस) पुरस्कार 2024 – 25 में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ ?

(a) वाराणसी
(b) लखनऊ
(c) आगरा
(d) प्रयागराज

25. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची I (अंतर्देशीय जलमार्ग) | | सूची II (अवस्थिति) |
|---|---|---|
| A. ग्रेट लेक्स – सेन्ट लॉरेन्स | i. | दक्षिणी अमेरिका |
| B. वोल्गा | ii. | पूर्वी यूरोप |
| C. पराना – पैराग्वे | iii. | पश्चिमी यूरोप |
| D. राइन | iv. | उत्तरी अमेरिका |

कूट :

(a) A-iii, B-ii, C-iv, D-i

(b) A-ii, B-i, C-iii, D-iv

(c) A-iv, B-ii, C-i, D-iii

(d) A-i, B-iii, C-ii, D-iv

26. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची I (स्टेडियम) | | सूची II स्थान (राज्य) |
|---|---|---|---|
| A. | ग्रीन पार्क | i. | मुम्बई (महाराष्ट्र) |
| B. | ईडन गार्डन्स | ii. | चेन्नई (तमिलनाडु) |
| C. | वानखेड़े | iii. | कोलकाता (पश्चिम बंगाल) |
| D. | चेपॉक | iv. | कानपुर (उत्तर प्रदेश) |

कूट :

(a) A-ii, B-iii, C-iv, D-i

(b) A-iv, B-iii, C-i, D-ii

(c) A-iii, B-iv, C-i, D-ii

(d) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

27. विद्युत चुम्बकीय तरंगों हेतु कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

I. एक्स-किरणें निर्वात में प्रकाश तरंगों से तेज चलती हैं।

II. एक्स-किरण फोटॉन की ऊर्जा प्रकाश फोटॉन से अधिक होती है।

III. प्रकाश को ध्रुवित किया जा सकता है, लेकिन एक्स-किरणों को नहीं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) I, II और III

(b) केवल II

(c) I और II

(d) II और III

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. पारे का थर्मामीटर पारे का उपयोग करता है क्योंकि जैसे ही तापमान बढ़ता है इसमें प्रसार होता है और यह – 39°C पर जम जाता है।

II. ठंडे देशों (कम तापमान वाले) में थर्मामीटर में द्रव के रूप में ऐल्कोहॉल का उपयोग उचित होता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल I

(b) I और II दोनों

(c) केवल II

(d) न तो I, न ही II

29. टमाटर का लाल रंग किस पिगमेंट के कारण होता है ?

(a) ज़ेन्थोफिल

(b) लाइकोपीन

(c) कैप्सांथिन

(d) कैरोटीन

30. 'विस्तार शिक्षा' में समूह सम्पर्क सामान्यत: किसके द्वारा किया जाता है ?

(a) टेलीफोन कॉल द्वारा

(b) व्यक्तिगत पत्रों द्वारा

(c) टेलीविजन एवम् मेलों द्वारा

(d) चर्चाओं एवम् बैठकों द्वारा